नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 06/09/2024 | पृष्ठ सं0 (Page No). 06 | क्रम सं0(Serial No.) 5

बेल्ट में हीरे छुपाकर ले जा रहे थे इस्तांबुल

दो भारतीय तस्कर पकड़े गए

नई दिल्ली, 5 सितम्बर (नवोदय टाइम्स): दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने बुधवार को दो यात्रियों को हीरे तस्करी कर विदेश ले जाते हुए पकड़ा है।

दोनों अपने कमर की बेल्ट में बने विशेष पॉकेट में हीरे छुपाकर ले जा रहे थे। इनके पास से कुल 163 ग्राम के विभिन्न आकारों के हीरे बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है। पकड़े गए यात्री की पहचान जितेंद्र फारसियो और एम अनुज पाटिल भगवान के रूप में हुई है। दोनों तुर्की एयरलाइन की उड़ान संख्या टीके-717 से इस्तांबुल जा रहे थे।

बल के सहायक महानिरीक्षक सह जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व पांडे ने बताया कि दोनों यात्री अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल टी 3 पर 4 सितम्बर सुबह 6 बजे एक यात्री दिल्ली से इस्तांबुल एयरलाइंस की उड़ान से यात्रा के लिए पहुंचे थे।